भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
भोपालपानी, देहरादून

संख्याः 3581/--------------/भू0खनि0नि0/ई0नीला0/2023--24 दिनांकः 09 अक्टूबर 2023

ई–निविदा सह ई–नीलामी हेतु अल्पकालीन पुनर्निविदा (Re-Tender) आमंत्रण सूचना

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना सख्या 977/VII-A-1/2023-24ख/2007 दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप–खनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय ज्ञांप संख्या 2563/र0ख0ला0/ ई0नी0/वि0का0ज्ञ0/भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 22 अगस्त, 2023 के द्वारा विज्ञापित किये जाने की प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में कार्यालय के पत्र संख्या 2748/भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 29 अगस्त, 2023 के द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी जिसमें **जनपद उत्तरकाशी के 06 लॉट, जनपद टिहरी के 09 लॉट जनपद रुद्रप्रयाग के 03 लॉट, जनपद अल्मोड़ा के 02 लॉट, जनपद पिथौरागढ़ के 06 लॉट, जनपद चमोली के 04 लॉट, जनपद बागेश्वर के 08 लॉट, जनपद चम्पावत के 01 लॉट व जनपद पौढ़ी के 04 लॉट, कुल 43 लॉटों** हेतु निविदा अप्राप्त/अपूर्ण पाये जाने के आधार पर कार्यालय के पत्र संख्या 3298, 3299, 3300, 3301, 3302, 3303, 3304, 3305, 3306 एवं पत्र संख्या 3307,/भू0खनि0नि0/2023–24, दिनांक 26 सितम्बर 2023,के द्वारा निविदा निरस्त की गयी, के दृष्टिगत **जनपद उत्तरकाशी के 06 लॉट, जनपद टिहरी के 09 लॉट जनपद रुद्रप्रयाग के 03 लॉट, जनपद अल्मोड़ा के 02 लॉट, जनपद पिथौरागढ़ के 06 लॉट, जनपद चमोली के 04 लॉट,. जनपद बागेश्वर के 08 लॉट, जनपद चम्पावत के 01 लॉट व जनपद पौढ़ी के 04 लॉट, कुल 43 लॉटों** को उक्त नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म/कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा सह ई–नीलामी (E-Tender cum E-Auction) के माध्यम से आवंटन के लिए पुनः तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से निम्नवत् वर्णित विवरणानुसार Online आमंत्रित की जाती हैः–

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	दिनांक 10.10.2023 (मंगलवार)
uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि	दिनांक 10.10.2023 (मंगलवार)
uktenders.gov.in से निविदा डाउनलोड आरम्भ करने की तिथि	दिनांक 11.10.2023 (बुधवार)
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि	दिनांक 12.10.2023 (गुरूवार) को प्रातः 10:00 बजे से
ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय	दिनांक 16.10.2023 (सोमवार) को सांय 05:00 बजे तक
तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण/मूल्याकंन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय	दिनांक 17.10.2023 (मंगलवार) पूर्वाह्न 12:00 बजे से
समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की सूची वैबसाइट www.uktenders.gov.in में अपलोड करते हुये वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की घोषणा की जायेगी एवं तद्नुसार परिणाम उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा।	

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदित खनन लॉट एवं निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है।

Scanned with OKEN Scanner

उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर–थानो रोड़, भोपालपानी, देहरादून से तथा राज्य सरकार की वेबसाईट uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–102–01–00 में + उक्त धनराशि का 18% GST का बैक ड्राफ्ट **निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय** के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए जमा चालान एवं बैक ड्राफ्ट की प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निदेशालय में जमा कराई जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों/आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

नोट– जिन प्रतिभागी निविदाताओं के द्वारा पूर्व में उक्त निविदित लॉटों की ई–निविदा में प्रतिभाग किया गया है, के द्वारा जिस लॉट के सापेक्ष जो आवेदन शुल्क जमा किया गया, को पुनः उक्त लॉट हेतु प्रयुक्त किया जा सकेगा तथा निविदा प्रपत्र शुल्क नवीन चालान के माध्यम से एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का बैक ड्राफ्ट पृथक से पुनः जमा किया जायेगा। आवेदन शुल्क (रू0 एक लाख) को किसी दूसरे लॉट में प्रयुक्त किये जाने पर ऐसी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्तानुसार निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

09/06/2023

(एस0 एल0 पैट्रिक)
निदेशक

Scanned with OKEN Scanner